# भाजपाइयों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई

**जालोर,** (कासं)।भाजपा प्रदेश नेतृत्व जिलाध्यक्ष राव श्रवणसिंह बोरली व मुख्य सचेतक विधानसभा राजस्थान जोगेश्वर गर्ग के निर्देशानुसार भाजपा नगर मंडल जालोर की ओर से रविवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि व संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक सुरेश चौधरी ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि व संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सभी कार्यकर्ताओ ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत,नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर,नगर उपाध्यक्ष रवि सोलंकी,ओबीसी मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी,पूर्व नगर अध्यक्ष छगनदास रामावत,प्रकाश नागर,अमन देवेंद्र मेहता,अचलसिंह परिहार,दिनेश बारोट,नगर मंत्री गीता बारोट सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत ने कहा कि जनसंघ की स्थापना के बारे में कहा कि ब्रिटिश सरकार की भारत विभाजन की गुप्त योजना और षड्यन्त्र को एक कांग्रेस के नेताओं ने अखण्ड भारत सम्बन्धी अपने वादों को ताक पर रखकर स्वीकार कर लिया। पूर्व नगर अध्यक्ष प्रकाश नागर के कहा कि 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ। एक विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद् के रूप में उनकी उपलब्धि तथा ख्याति निरन्तर आगे बढती गयी।

नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर ने कहा कि अपनी विशिष्ट रणनीति से उन्होंने बंगाल के विभाजन के मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम संयोजक सुरेश चौधरी ने सभी का आभार धन्यवाद स्थापित किया।


वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भारतीय जनसंख्या की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर जालोर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजू सोलंकी के नेतृत्व में जालोर उद्यान में तस्वीर पर माला पहनकर उनको नमन किया। मंजू सोलंकी ने बताया कि शयामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण अभिन्न अंग बनाना चाहते थे, संसद में अपने भाषण में धारा 37 हटाने की जोरदार वकालत की, अगस्त 1952में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में अपना संकल्प व्यक्त किया, या तो आपको भारत का संविधान प्राप्त कराउंगा या इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दुंगा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी अपने संकल्प की प्राप्ति के लिए 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पडे, जम्मू कश्मीर पहुंचते उन्हें गिरफ्तार कर दिया।

इस दौरान महिला मोर्चा की जिला महामंत्री इंदु चौधरी, नगर उपाध्यक्ष सोनी देवी, नगर उपाध्यक्ष संतोष , पिंकी देवी, हमनी देवी, शर्मिला ,रानू पंकु, विमला देवी, सोरम, कमलादेवी आदि और कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थी।



जालोर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किये। फोटो राष्ट्रदूत

# मातेश्वरी जगत अंबा की पुण्यतिथि मनाई



जालोर के राजयोग केंद्र में मातेश्वरी जगत अंबा की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। ब्रह्मकुमारी संस्थान के राजयोग केंद्र शिवाजी नगर जालोर में मातेश्वरी जगतअंबा के 59 वी पुण्यतिथि के उपलक्ष में रविवार को प्रात : 10.30 बजे श्रद्धांजलि कार्यकम आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

प्राप्त जानकारी के अनुसाार बीके रंजू दीदी प्रबंधन संचालिका प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जालोर ने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यकम के डीडीटी न्यूज के दिलीप डुडी, दिल्ली से आए भ्राता विशाल अरोडा, जोधपुर से आये भ्राता डूंगर के अतिथि में आयोजित हुआ। बीके रंजू ने मातेश्वरी जगतम्बा के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर मम्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में बीके लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, इंजीनियर बी एल सुथार, बीके भंवर भाई, वालाराम , चाँदराई से वर्धाराम, धर्माराम , डॉक्टर संजय चौधरी , राकेश , इंजीनियर , रिटायर्ड डीईट मन्साराम,बीके ललित, बीके अश्विन, बीके विकास, दिनेश सुथार, नरिंगा राम, खेताराम सांथु एवं मातृशक्ति इंदिरा, रेखा, संतोष, भावना, किरण मंजु,सागर,बादामी, लता, बी के शिल्पा,पादरू से बीके एकता बहन, बीके शिवानी बहन, बीके ज्योति, गीता,मेथी , उर्मिला ,बदामी, मिश्री ,, दीपा बेन, आशा माता सहित अनेक जनगण उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### के.के. बिश्नोई जालोर, सांचौर आएंगे

**जालोर,** (कासं)। राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई सोमवार को जालोर एवं सांचौर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जालोर सिरोही एवं सांचौर जिले के जिला प्रभारी के रूप में नियुक्ति के बाद सोमवार को प्रथम बार सांचौर आ रहे हैं। जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं कार्यकर्ताओं से संवाद कर, जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया की प्रदेश के राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई सोमवार को जालोर एवं सांचौर दौरे पर रहेगें। जिसमें कार्यकर्ताओं से संवाद एवं जालोर एवं सांचौर जिलें के जिला प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर, आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश देगें। उन्होनें बताया की प्रवास कार्यकम के अंतर्गत सोमवार को करीब 11 बजे सांचौर डाक बंगला पहुचेंगे। जहां कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत के पश्चात राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई कार्यकर्ताओं से संवाद करेगें और सांचौर जिला प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेगें एवं करीब 4.30 बजे जालोर पहुचकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेगें और जालोर जिला प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेगें।

### आराधना महोत्सव का दिया निमंत्रण

**जालोर,** (कासं)। सांचोर गौ धाम पथमेडा के गोऋषि स्वामी दत्तशरणानंद महाराज के पावन सानिध्य में सिरोही जिले के नंदगांव के मनोरमा गोलोक में 17 जुलाई से आयोजित होने वाले गोकरुणा चातुर्मास आराधना महोत्सव को लेकर रविवार को संतों और संस्था के पदाधिकारियों ने नागाणी में क्षत्रिय युवक संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात कर चातुर्मास का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर क्षत्रिय युवक संघ के ओर से चल रहे प्राथमिक वर्ग में उपस्थित स्वयं सेवकों को आमंत्रण दिया। इस दौरान शिवराज सिंह देवडा मंडार, कृष्ण वीर सिंह देवडा रोऊआ, प्रताप सिंह देवडा सादलवा ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए अपने सुझाव दिए। चातुर्मास को लेकर हर वर्ग में उत्साह देखने को मिल रहा है। संघ के ईश्वरसिंह चरण का खेडा ने कहा की गाय और क्षत्रिय का आदिकाल से संबंध है। गोरक्षा गोसेवा हमारा परम धर्म है। गोसेवा के लिए क्षत्रिय युवक संघ का प्रत्येक स्वयं सेवक हर वक्त तैयार है। इस अवसर पर महंत रामरतनदास महाराज, मुकुंदप्रकाश ब्रह्मचारी, हरिसिंह केसुआ, ब्रह्मदत्त नानरवाडा, हीरसिंह राठौड सहित कई गोसेवक उपस्थित रहे।

### गौ भागवत कथा शुरू

**जोधपुर,** (कासं)। पाल महादेव गौशाला आनंद धाम अलख ज्ञान गोरक्षा समिति की ओर से 23 जून से भारतीय देसी गोवंश को राष्ट्रीय धरोहर का सम्मान दिलाने, गौशाला में आने वाली परेशानियों, संचालन में सुदृढ व्यवस्था व गौ सेवार्थ श्रीमद गोभागवत कथा व गौ सम्मेलन आयोजित गया। प्रथम दिन ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। संस्थापक गोऋऋषि स्वामी ज्ञानस्वरूपानंद अक्रिया महाराज ने अपने प्रवचन मे गाय से समाज की जागृति व देश राष्ट गुरु कैसे बने, विषय पर प्रवचन के साथ भगवान श्रीकृष्ण का गोमाता के साथ महत्व व गाय का सनातन संस्कृति में पूज्य स्थान क्यों, विषय पर जानकारी दी गई। ब्रह्मलीन स्वामी अलखानंद महाराज की 22वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक बोरानाडा पाल रोड स्थित महादेव गौशाला परिसर में होगी।

### रोडवेज बस व ट्रेलर में टक्कर

**रेवदर,** (निसं) रेवदर के कांडला हाईवे पर एक राजस्थान रोडवेज बस और ट्रेलर की भिडंत हो गई। जिससे बस में सवार पांच लोग घायल हो गए। घटना रेवदर करोटी मार्ग पर असावा मोड के पास रविवार की है।यात्रियों ने बताया कि सिरोही डिपो की अहमदाबाद से सिरोही जा रही रात्रिकालीन बस की रेवदर करोटी मार्ग पर असावा मोड के पहले आगे चल रहे ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने से भिडंत हो गई जिससे बस चालक जल्दबाजी में बस को नियंत्रित नहीं कर पाया। हादसे के बाद यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। वहीं बस में आगे की तरफ बैठे 5 लोगों को चोट आई है। जिनमें से दो को गंभीर हालत में सिरोही रेफर किया है।

## मगन लाल कोली के लिए वोट मांगे

**रेवदर,** (निसं) जिला परिषद की वार्ड संख्या सात के उप चुनाव में जालोर सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी ने भाजपा वार्ड प्रत्याशी मगन लाल कोली के समर्थन में भाजपा अनादरा मंडल के पोसिन्दरा, नागाणी व रेवदर मंडल के दादरला, धाण, मलावा,जोलपुर में सभा कर ग्रामीणों को संबोधित किया। जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित, पूर्व विधायक जगसी राम कोली, प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन देवासी, अनादरा मंडल अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह देवडा ने कहा कि बूथ जीता, चुनाव जीता, हम सब कार्यकर्ताओं को अपने अपने बूथ पर लगकर इस चुनाव मे भाजपा प्रत्याशी मगन कोली को भारी मतों से जिताना है। इन चुनावी सभाओं के दौरान सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित,पूर्व विधायक जगसीराम कोली,प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन देवासी, अनादरा मंडल अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह देवडा,रेवदर मंडल अध्यक्ष हरीश लोहार, पूर्व जिला महामंत्री जयसिंह राव, जिला मंत्री प्रकाश रावल, अशोक पुरोहित, माना राम जयदीप सिंह पीथापुरा सहित कई जने उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं से प्राप्त नाम परिवर्तन के आवेदन पत्रों का निस्तारण किया

**जोधपुर,** (नि.सं.)। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की कार्यकारिणी समिति की बैठक आज रविवार दिनांक 23/06/2024 को भुवनेश शर्मा, चेयरमैन की अध्यक्षता में बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में जगमाल सिंह चौधरी, राजेश पंवार, नवरंग सिंह चौधरी एवं घनश्याम सिंह राठौड सदस्यगण उपस्थित थे एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों में सर्व सैयद शाहिद हसन, कुलदीप कुमार शर्मा एवं सुशील कुमार शर्मा भी उपस्थित थे।

समिति द्वारा अधिवक्ताओं से प्राप्त नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्रों पर विचार विमर्श कर उनका उचित निस्तारण किया गया। समिति द्वारा अधिवक्ताओं से प्राप्त नाम के आगे डॉ0 लगाने हेतु आवेदन पत्रों पर विचार विमर्श कर उनको अनुमति प्रदान की गयी। समिति द्वारा अर्जुनराम मेघवाल, विधि एवं कानून मंत्री, भारत सरकार एवं भूपेन्द्र यादव, पर्यावरण एवं वन मंत्री, भारत सरकार एवं मनन कुमार मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अध्यक्ष, भारतीय विधिज्ञ परिषद् का सम्मान समारोह जयपुर में आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही समिति द्वारा अध्यक्ष, बार कौंसिल ऑफ राजस्थान भुवनेश शर्मा एवं घनश्याम सिंह राठौड़, सदस्य, बार कौंसिल ऑफ राजस्थान को इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से आयोजन करवाने हेतु अधिकृत किया गया।

समिति द्वारा बार कौंसिल ऑफ राजस्थान एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान उच्च न्यायालय के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में एक दिवसीय कार्यक्रम जोधपुर में किये जाने का निर्णय लिया गया तथा माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा जगमाल सिंह चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता एव राजेश पंवार, वरिष्ठ अधिवक्ता को इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से आयोजन करवाने हेतु अधिकृत किया गया।

समिति द्वारा भारतीय विधिज्ञ परिषद् द्वारा सर्टिफिकेट एंड प्लेस ऑफ प्रैक्टिस (सत्यापन) नियम, 2015 एवं भारतीय विधिज्ञे परिषद् से प्राप्त पत्र दिनांक 14.01.2024 जिसके अंतर्गत अधिवक्ता को नवीनीकरण आवेदन पत्र के साथ पांच वकालातनामा की सत्यापित प्रति/वाद सूची/अन्य कोई दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपी सलंग्न करने हेतु निर्देशित किया गया था, उस पर गहनता से विचार-विमर्श कर यह निर्णय लिया गया कि सत्यापन नियम 2015 के अंतर्गत यदि किसी अधिवक्ता द्वारा कोई अन्य दस्तावेज के तहत शपथ-पत्र प्रस्तुत किया जाता है, तो उसे मान्य माना जावे तथा उक्त नियमों के तहत नवीनीकरण किया जावे। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त शपथ-पत्र, नोटेरी पब्लिक/ऑथ कमिश्नर द्वारा प्रमाणित किया होना आवश्यक है तथा यह निर्णय बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की साधारण सभा की पुष्टि के अधीन मान्य होगा।

समिति द्वारा बार कौंसिल ऑफ राजस्थान एवं राजस्थान अधिवक्ता कल्याण कोष की अर्द्धवार्षिक अंकेक्षण रिपोर्ट (न्च जव 30ण्09ण्2023) का अनुमोदन किया गया।

समिति द्वारा मैसर्स जसमातिया एंड कंपनी, जोधपुर को बार कौंसिल ऑफ राजस्थान एवं राजस्थान अधिवक्ता कल्याण कोष के वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंकेक्षण करने हेतु अंकेक्षक नियुक्त किया गया। समिति द्वारा बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के बजट 2024-25 के अनुमोदित होने तक दिन-प्रतिदिन का खर्च वहन करने हेतु, माननीय अध्यक्ष/सदस्य, कार्यकारिणी समिति को अधिकृत किया गया। समिति द्वारा अधिवक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए, जयपुर स्थित बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के विस्तार पटल पर कर्मचारी को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया, जिससे कि बार कौंसिल ऑफ राजस्थान का कार्य सुचारू रूप से हो सके।

भारतीय विधिज्ञ परिषद् द्वारा सर्टिफिकेट एंड प्लेस ऑफ प्रैक्टिस (सत्यापन) नियम, 2015 की प्रशासनिक समिति- 1 की बैठक भी आज रविवार दिनांक 23/06/2024 को बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यालय में श्री सैयद शाहिद हसन की संयोजकता में संपन्न हुई। समिति द्वारा करीब 620 अधिवक्ताओं का नवीनीकरण किया गया। नवीनीकरण समिति के सदस्य सर्वश्री सुशील कुमार शर्मा एवं कपिल प्रकाश माथुर भी उपस्थित थे।

# पाली में महिला जन सहयोग समिति ने परिंडे लगाए




पाली में महिला जन सहयोग वेलफेयर सोसायटी ने बजरंग बाग में पक्षियों के परिंडे की व्यवस्था की।

**पाली,** (नि.सं.)। महिला जन सहयोग वेलफेयर सोसायटी द्वारा मदन राजपुरोहित, जयंता व्यास, गोविंद के निर्देशन में आज बजरंग बाग में पक्षियों के पानी पीने हेतु परिंडे और रहने हेतु घोसलों की व्यवस्था की गई।

संरक्षक चंद्रिका शर्मा ने बताया कि डॉक्टर मदन राजपुरोहित पक्षियों के चुग्गे के लिए चबूतरे का निर्माण करवा रहे है। हमारी संस्था इसी प्रकार के नेक कार्य किया करती है। इस मौके पर अध्यक्ष अंकिता बोहरा ,बृजेश बोहरा, प्रियंका व्यास, अनु सोलंकी, मोनिका नाहर, हेमा गिद्वानी,मंजू पारीक ,कविता, ललिता मौजूद रहे।

## धन्यवाद सभा का आयोजन किया

**जालोर,** (कासं)। लोकसभा चुनाव 2024 के जालोर सिरोही सांचोर कांग्रेस प्रत्याशी की ओर से 22 जून को लोकसभा प्रत्याशी वैभव गहलोत के मुख्य आतिथ्य, धर्मेंद्र सिंह राठौड एवं महेंद्र गहलोत के विशिष्ट आतिथ्य कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में धन्यवाद एवम आभार प्रकट सभा कार्यक्रम का आयोजन विजय पैराडाइज जालोर में रखा गया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल,प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, जालोर कांग्रेस प्रत्याशी रमिला मेघवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल,प्रदेश महासचिव उम सिंह राठौड,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आसुराम देवासी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने किया। कार्यक्रम में संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी,जालोर ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चंपावत,भाद्राजून ब्लॉक अध्यक्ष गलबराम मीणा,भीनमाल ब्लॉक अध्यक्ष जीवन सिंह उपस्थित थे।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि पर भाजपा ने दी श्रद्धाजंलि

**सांचौर,** (कासं)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी ने विभिन्न बुथों पर कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा बुद्धिजीवि प्रकोष्ठ संयोजक नरपतसिंह अरणाय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी एकं उनके द्वारा राष्ट्र हित में दिए गए योगदान के बारे में बात की।

उन्होंने बताया की आज भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनको कार्यो को लेकर स्मरण किया जा है, क्योंकि उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा में रही। उन्होंने बताया एक देश, एक निशान, एक विधान और एक प्रधान के संकल्प की पूर्ति करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। पूर्व जिला प्रमुख, सांचौर विधानसभा संयोजक वन्नेसिंह गोहिल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे।

उन्होंने बताया की डॉ. मुखर्जी भारतीय संसद में भी धारा 370 समाप्त करने की वकालात की एवं कश्मीर की आजादी को लेकर संकपित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू कश्मीर की जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। कार्यक्रम के अंत में सांचौर नगर अध्यक्ष शंभूसिंह राव ने सबका आभार व्यक्त करते हुए किया। इस दौरान प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ प्रदेश सयोजक नरपत सिंह, पूर्व जिला बन्नेसिंह गोहिल, प्रदेश चिकत्सा प्रकोष्ट सहसंयोजक शीला विश्नोई, जिला मीडिया संयोजक भावेश सोनी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाड़सिंह राव, नगर अध्यक्ष शंभूसिंह राव, अमराराम देवासी, अल्पसख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सायब खां, पार्षद सोहन खत्री सहित कई जने उपस्थित रहे।

# सूफी संत जोगा नाडी वाले मस्तान बाबा का निधन

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर के निकट दौलपुरा में सूफी संत जोगा नाडी बापू उर्फ मस्तान बाबा का 23 जुन को इंतकाल हो गया रविवार शाम को हजारों की संख्या में उमड़े उनके चाहने वालों की मौजूदगी में उन्हें सुर्पुद -ए-खाक किया गया।उनके निधन से जालोर-सिरोही जिले में शोक की लहर छा गई हर गुरुवार को उनके चाहने वालों का जमावड़ लगा रहता था। बापू के अंतिम दीदार करने के लिए लोगों की लम्बी कतार लगी रही। पुलिस ने सुरक्षा के बंदोबस्त कर रखे थे।



सूफी संत मस्तान बाबा।



रेवदर के पास दौलपुरा में मस्तान बापू के अंतिम दीदार के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी।

जालोर जिले के जसवंतपुरा के समीप जाविया की जहां पर कासम शाह वली कि दरगाह है। जहां पर लोग आने जाने से डरते थे। वीरान पहाड़ियों की गोद में जंगली जानवरों का डेरा लगा रहता था, वहां पर एक मूडी सूफी संत ने दरगाह पर बागवान बना दिया। उनके जीवनकाल में हमेशा पर्यावरण को बढ़ावा देने का काम किया गया। जहां भी बैठक करते थे वहां पर पेड-पौधे लगा देते थे, ताकि हरियाली बनी रहे। जसवंतपुरा मुख्यालय से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर वीरान पर्वतों के बीच कासम शाह वली की दरगाह पर उम्मीद और दुखियों का सहारा थे संत।

जोगा नाडी वाले बाबा के नाम से मशहूर मुडी मस्तान का रविवार दोपहर 12.20 पर इंतकाल (निधन) हो गया। जैसे ही खबर फैली इनके चाहने वालों में शौक कि लहर छा गई। देर शाम को दोलपुरा में दफनाया गया, जहां पर हजारों की संख्या में मुरीदों का जमावड़ा लगा रहा।

दौलपुरा में हाइवे के किनारे उनके विश्राम गृह स्थित उनके जनाजे को रखा गया और वहीं दफनाया गया। मुडी मस्तान हमेशा जो भी उनके पास आया जो रोता हुआ आया और हंसता हुआ चेहरा लेकर गया। जो भी आता था बस हर किसी को अपनी ओर से कहते थे जा तेरे अच्छा हो जाएगा, बस इसी दुआओं से हर कोई उनका मुरीद था। इस अवसर जालोर, सिरोही, जोधपुर सहित गुजरात राज्य से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ रही।

# विश्व ऊंट दिवस मनाया

**बालोतरा,** (निसं) जसोल ऊंटों के संरक्षण के लिए प्रयास नहीं हुए तो समूचे रेगिस्तान का पारिस्थितिकी तंत्र तो गडबडाएगा ही, ऊंट के माध्यम से भविष्य में सेहत से जुडी चुनौतियों का मुकाबला करने की संभावनाएं भी क्षीण हो जाएंगी। ये बात इंटेक चैप्टर बाडमेर संयोजक रावल किशन सिंह जसोल ने विश्व ऊंट दिवस पर कही।

उन्होंने कहा कि आज हालात ये हो गए हैं कि ऊंट पालकों ने भी ऊंटों को भगवान भरोसे छोडना शुरू कर दिया है, जबकि कभी ये इन ऊंटों के भरोसे ही जीवन जी रहे थे। आज ऊंट दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि आजकल लुप्त हो रहे पशु के संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की परिस्थितियों में सरकारों को चाहिए कि वह गोशालाओं की तरह ऊंटशाला खोलने की पहल करें। लुप्त होते ऊंटों को बचाने की यह प्राथमिक अनिवार्यता है। ऊंटों के स्वास्थ्य, ऊंट डेयरी, ऊंट से जुडे शिल्प को बढावा देने के साथ ऊंट पालकों को अर्थिक मदद की भी जरूरत है।

उन्होंने कहा कि ओरण गोचर भूमि के संरक्षण व विकास के प्रयासों के साथ ऊंट संरक्षण नीति भी जरूरी है। ऐसा समय रहते नहीं हुआ तो रेगिस्तान के जहाज का विलुप्त होना तय है। जो ऊंट सदियों से रेगिस्तान में मनुष्य जीवन का आधार रहे, विडम्बना है कि आज उन्हीं के जीवन के लिए आधार का संकट पैदा हो गया है। इंटेक इन्वायरमेंट सचिव यशोवर्द्धन शर्मा ने कहा कि भारत में सामाजिक और आर्थिक विकास में ऊंट की अहम भूमिका मानी जाती है। ऊंट के संरक्षण को लेकर गौशाला की तरह ही ऊंटशाला स्थापित करने का कार्य, डेयरी पशु के रूप में इनका विकास तथा चारागाह के विकास करने को लेकर जागरूकता बढना अतिआवश्यक है। इस दौरान नोसर सरपंच राजू सिंह, हडमत सिंह नोसर, भंवरलाल चौधरी,रूपाराम, मानाराम देवासी, रूपाराम माली मौजूद रहे।

## आम सूचना

हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि मेरे मुवकिल लक्ष्मणाराम पुत्र श्री सोनाजी जाती मेघवाल निवासी -शान्तिनगर जालोर तह. व जिला जालोर ने वाके कस्बा जालोर की आबादी भूमि शान्तीनगर जालोर तह. व जिला जालोर मे स्थित कब्जासुदा मालिकाना हक, वसीयतसुदा आवासीय साईज 25.6 X 76= 1938 वर्गफीट का आया हुआ है। जिसका पटटा नगरपालिका जालोर द्वारा क्रम संख्या 88 सर्वे / 1981 नियमन, रजिस्टर संख्या 16, विक्रय पत्र संख्या 107/88-89, दिनांक 28.01.1989 को श्रीमती लाछीदेवी पत्नी सोनाजी के नाम से जारी किया हुआ है । जिसका पंजियन उप पंजियन कार्यालय जालोर मे पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 209 पृष्ठ संख्या 142 क्रम संख्या 93 दिनांक 14.2.1989 पर पंजीबद्ध है। तत्पश्चात पटटाधारक श्रीमती लाछादेवी ने लक्ष्मणाराम पुत्र श्री सोनाजी जाति -मेघवाल निवासी शान्तिनगर जालोर तह. व जिला जालोर के नाम से वसीयतनामा दिनांक 30.08.2011 को किया हुआ है वसीयतकर्ता श्रीमति लाछीदेवी की मृत्यु दिनांक 08.10.2011को ही चुकी है। उपरोक्त सम्पति को मेरे मुवकिल लक्ष्मणाराम जालोर नागरिक सहकारी बैंक शाखा जालोर मे रहन रख कर ऋण प्राप्त करना चाहता है । इस सम्पति बाबत् किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तिय संस्था या संस्था को कोई उजर एतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अद्योहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में अपनी आपत्ति / उजर एतराज प्रस्तुत करे अन्यथा यह माना जायेगा कि उक्त सम्पति पर अन्य किसी का कोई हक व अधिकार नही है तथा न ही उक्त सम्पति बाबत कोई दस्तावेज किसी के पास किसी भी प्रकार से रहन अथवा गिरवी नही है म्याद गुजरने आम सूचना ऋण बाबत कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी। सो सूचित रहे। इति दिनांक 23.06.2024

रमेश कुमार सोलंकी एडवोकेट
मो. 9414356091